अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2017
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** निम्नवत में अक्रिस्टलीय कार्बन के अपररूप है- **(1)**

(A) ग्रेफाइट (B) हीरा

(C) सुगर चारकोल (D) फुलरीन

**2.** अनुप्रस्थ तरंगों में दो श्रृंगों के बीच की दूरी होती है- **(1)**

(A) आयाम (B) अर्द्ध-आयाम

(C) तरंगदैर्ध्य (D) अर्द्ध तरंगदैर्ध्य

**3.** डाक्टरी थर्मामीटर में ताप मापने का विभाजन स्केल होता है? **(1)**

(A) 0°C से 100°C (B) 32°F से 100°C

(C) 95°F से 110°F (D) 0°R से 80°R

**4.** पेचिस नामक बीमारी में निम्नवत् में से कौन-सा सूक्ष्मजीव उत्तरदायी है - **(1)**

(A) फलैबी वायरस (B) निमैटोड (कृमि)

(C) यीस्ट (D) एन्टअमीबा हिस्टोलिटिका

**5.** किसी वस्तु का जल में पूर्णतः डुबोने पर उस पर लगने वाला उत्प्लावन बल वस्तु का भार अतः - **(1)**

(A) वस्तु जल में डूब जाएगी (B) वस्तु सतह पर तैरेगी

(C) वस्तु जल में कुछ डूबी हुई तैरेगी (D) वह सतह के नीचे पूरी डूबी हुई तैरेगी

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** रसोईघर में प्रयोग होने वाले द्रवित पेट्रोलियम गैस के रिसाव का पता लगाने के लिए उसमें मिलाए जाने वाले पदार्थ का नाम लिखिए। **(1)**

**7.** क्रान्तिक कोण से क्या अभिप्राय है? लिखिए। **(1)**

**8.** संतृप्त एवं असंतृप्त हाइड्रोकार्बन में मुख्य अन्तर लिखिए। **(1)**

**9.** किन्हीं दो खाने वाले अर्थात् सब्जी के रूप में प्रयोग किये जाने वाले कवक का नाम लिखिए। **(1)**

**10.** वर्ण - विक्षेपण क्या है? लिखिए। **(1)**

**11.** दाब का SI मात्रक लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** हाइपरमेट्रोपिया को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**13.** फ्यूज में क्या अभिप्राय है? साधारण बल्ब एवं हीटर, फ्रीज में कितने ऐम्पियर का फ्यूज लगाते हैं? **(2)**

**14.** पर्यावरण संरक्षण के क्या-क्या उपाय हो सकते हैं? लिखिए। **(2)**

**15.** उच्च रक्तचाप बीमारी क्या है? इसके क्या-क्या कारण है? लिखिए। **(2)**

**16.** यान्त्रिक तरंगों का आवृत्ति के अनुसार वर्गीकरण कीजिए। **(2)**

**17.** न्यूटन के गतिविषयक तीनों नियमों को लिखिए। **(2)**

**18.** ग्रीन हाउस गैसीय प्रभाव का धरती के बढ़ते तापमान से क्या सम्बन्ध है? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/vigyan/2017

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN